अनुक्रमांक ......................................　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2026
## (वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक अपनी जन्मजात शक्तियों को पूर्ण अभिव्यक्त करता है।" यह कथन किसका है? **(1)**

(A) स्वामी विवेकानन्द　　(B) महात्मा गाँधी

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर　　(D) फ्रॉबेल

**2.** Education शब्द की उत्पत्ति निम्न में से किस लैटिन शब्द से मानी जाती है? **(1)**

(A) एजुकेशन　　(B) एजुकेयर

(C) एजुकेटम　　(D) एजुकेट

**3.** निम्न में से शिक्षण का केन्द्र बिन्दु नहीं है— **(1)**

(A) शिक्षक　　(B) विद्यार्थी

(C) पाठ्यवस्तु　　(D) समुदाय

**4.** शिक्षा का आत्मानुभूति उद्देश्य है— **(1)**

(A) सामाजिक　　(B) वैयक्तिक

(C) सांस्कृतिक　　(D) राष्ट्रीय

**5.** शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है— **(1)**

(A) मानसिक विकास　　(B) नैतिक विकास

(C) सामाजिक विकास　　(D) सर्वांगीण विकास

**6.** ऐसी शिक्षा जिसमें किसी निश्चित समय, पाठ्यक्रम एवं स्थान की आवश्यकता नहीं होती है— **(1)**

(A) औपचारिक शिक्षा　　(B) दूरस्थ शिक्षा

(C) अनौपचारिक शिक्षा　　(D) सतत एवं व्यापक शिक्षा

**7.** 'मकतब' शब्द किस स्तर की शिक्षा से सम्बन्धित है— **(1)**

(A) प्राथमिक स्तर　　(B) माध्यमिक स्तर

(C) उच्च स्तर　　(D) उच्च प्राथमिक स्तर

**8.** 'उपनयन संस्कार' किस काल से सम्बन्धित है— **(1)**

(A) बौद्ध काल　　(B) इस्लामिक काल

(C) वैदिक काल　　(D) मध्यकालीन

**9.** 'बहुउद्देशीय शिक्षा' किस आयोग से सम्बन्धित है— **(1)**

(A) राधाकृष्णन आयोग　　(B) कोठारी आयोग

(C) सैडलर आयोग　　(D) मुदालियर आयोग

**10.** 'प्रव्रज्या संस्कार' किस काल की शिक्षा से सम्बन्धित है— **(1)**

(A) वैदिककालीन शिक्षा　　(B) आधुनिककालीन शिक्षा

(C) मुस्लिमकालीन शिक्षा　　(D) बौद्धकालीन शिक्षा

**11.** आदर्शवाद का श्रेष्ठ योगदान किस क्षेत्र में है— **(1)**

(A) शिक्षण विधि
(B) शिक्षण के उद्देश्य
(C) शिक्षण सूत्र
(D) शिक्षण का पाठ्यक्रम

**12.** निम्नलिखित में से प्रकृतिवाद का प्रबल समर्थक था— **(1)**

(A) रूसो
(B) प्लेटो
(C) अरस्तू
(D) जॉन डीवी

**13.** 'प्रोजेक्ट विधि' किस दार्शनिक विचारधारा की देन है— **(1)**

(A) आदर्शवादी
(B) प्रकृतिवादी
(C) प्रयोजनवादी
(D) यथार्थवादी

**14.** 'दिवास्वप्न' नामक पुस्तक के रचनाकार हैं— **(1)**

(A) स्वामी विवेकानन्द
(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(C) गिजुभाई बधेका
(D) महात्मा गाँधी

**15.** निम्न में से जॉन डीवी द्वारा लिखित पुस्तक है— **(1)**

(A) द रिपब्लिक
(B) एमील
(C) दास कैपिटल
(D) डेमोक्रेसी एण्ड एजुकेशन

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** किन्हीं चार नैतिक मूल्यों के नाम लिखिए। **(1)**

**17.** जनसंचार के चार यान्त्रिक साधनों के नाम लिखिए। **(1)**

**18.** विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

**19.** बाल अपराध को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**20.** राष्ट्रीय बाल-श्रम नीति कब घोषित की गई थी? **(1)**

**21.** सामाजिक परिवर्तन के तीन कारक लिखिए। **(1)**

**22.** 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' किस दर्शन का आधार वाक्य है? **(1)**

**23.** बालकों को 'बाल देवो भव' की संज्ञा किसने दी थी? **(1)**

**24.** रूसो की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। **(1)**

**25.** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 'शान्तिनिकेतन' विद्यालय की स्थापना कब और कहाँ की? **(1)**

**26.** बुनियादी शिक्षा का जनक किसे माना जाता है? **(1)**

**27.** मुस्लिम शिक्षा के दो प्रमुख केन्द्रों के नाम बताइए। **(1)**

**28.** भारतीय शिक्षा का महाधिकार पत्र किसे कहा जाता है? **(1)**

**29.** शिक्षा के चार सामान्य उद्देश्य बताइए। **(1)**

**30.** दूरस्थ शिक्षा को परिभाषित कीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** वैदिककालीन शिक्षा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **(2)**

**33.** संस्कार के आधार पर बौद्धकालीन शिक्षा एवं मुस्लिमकालीन शिक्षा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**34.** शिक्षा में प्रकृतिवाद के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। **(2)**

**35.** आदर्शवाद एवं प्रकृतिवाद के शैक्षिक उद्देश्यों की तुलना कीजिए। **(2)**

**36.** महात्मा गाँधी की बुनियादी शिक्षा की पाठ्यचर्या पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**37.** मॉण्टेसरी शिक्षण पद्धति के सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए। **(2)**

**38.** फ्रॉबेल की किंडरगार्टन प्रणाली पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **(2)**

**39.** "विद्यालय समाज का लघु रूप है।" स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** जलवायु परिवर्तन से आप क्या समझते हैं? सविस्तार वर्णन कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/2026

2. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

3. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN